भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +4659
सोमवार, 23 मार्च, 2020/3 चैत्र 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

क्योंझर में पर्यटन स्थलों के विकास हेतु आबंटित निधियां

+4659. कुमारी चन्द्राणी मुर्मुः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत चार वित्तीय वर्षों के दौरान सरकार द्वारा ओडिशा के क्योंझर जिले के चिह्नित पर्यटन स्थलों की संख्या कितनी है; और

(ख) उक्त पर्यटन स्थलों के विकास के लिए सरकार द्वारा कितनी निधि आवंटित की गई है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय**,** स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद नामक अपनी योजनाओं के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । योजनाओं के तहत वित्तपोषण हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रसाशनों द्वारा परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करना एक सतत प्रक्रिया है । संगत योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन**,** उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति**,** निधियों की उपलब्धता तथा पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2016-17 में 70.82 करोड रु. की राशि से स्वदेश दर्शन योजना की तटवर्ती परिपथ थीम के तहत गोपालपुर-बरकुल-सतपुड-तामपुरा के विकास और 2014-15 में 50.00 करोड रु. की राशि से प्रशाद योजना के तहत पुरी**,** श्री जगन्नाथ धाम-रामचंडी-देवली प्राची रिवर फ्रंट के अवसंरचना विकास की परियोजनाओं की स्वीकृति दी है ।

राज्य सरकार ने पर्यटन मंत्रालय को क्योंझर जिले में विकास हेतु कोई परियोजना नहीं भेजी है ।

****